पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों में ओलावृष्टि/वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान राहत प्रदान करने के लिए सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया

31 मार्च, 2023 से 02 अप्रैल, 2023 के मध्य राज्य के 10 जनपद ओलावृष्टि/वर्षा से प्रभावित, फसल क्षति का प्लॉटवार आकलन कराया जा रहा

15 मार्च, 2023 से अब तक हुए सर्वे में बेमौसम बारिश/ओलावृष्टि से 11 जनपदों के कुल 01 लाख 07 हजार 523 किसानों का कुल 35480.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल प्रभावित, किसानों को कुल 5859.29 लाख रु0 देय

लखनऊ : 02 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विभिन्न जनपदों में ओलावृष्टि/वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान राहत प्रदान करने के लिए सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है।

राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार 31 मार्च, 2023 से 02 अप्रैल, 2023 के मध्य राज्य के 10 जनपद–फतेहपुर, पीलीभीत, बरेली, सीतापुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, सोनभद्र, हमीरपुर, सम्भल तथा उन्नाव ओलावृष्टि/वर्षा से प्रभावित हुए हैं। ओलावृष्टि/वर्षा से प्रभावित जनपदों में फसल क्षति का प्लॉटवार आकलन कराया जा रहा है।

राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार 15 मार्च, 2023 से अब तक हुए सर्वे में प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश/ओलावृष्टि से 11 जनपदों–फतेहपुर में 5026 किसानों का 1343 हेक्टेयर, आगरा में 4738 किसानों का 2804.15 हेक्टेयर, बरेली में 3090 किसानों का 559 हेक्टेयर, चन्दौली में 11265 किसानों का 2986.81 हेक्टेयर, हमीरपुर में 396 किसानों का 271.83 हेक्टेयर, झांसी में 205 किसानों का 145 हेक्टेयर, ललितपुर में 7380 किसानों का 6216.23 हेक्टेयर, प्रयागराज में 9252 किसानों का 4448.20 हेक्टेयर, उन्नाव में 5505 किसानों का 2801 हेक्टेयर, वाराणसी में 58393 किसानों का 13112 हेक्टेयर तथा लखीमपुर खीरी में 2273 किसानों का 792.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल प्रभावित हुआ है। इस प्रकार, 11 जनपदों में कुल 01 लाख 07 हजार 523 किसानों का कुल 35480.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल प्रभावित हुआ है। प्रभावित किसानों को कुल 5859.29 लाख रुपये देय है।

————————